कार्यालय वनमण्डलाधिकारी सामान्य वनमण्डल, नीमच(म0प्र0)
पुरानी पुलिस लाईन के सामने, महू–नसीराबाद रोड़, नीमच
Phone No. (07423) 226605, , E-mail- dfot.nmh@mp.gov.in

क्रमांक / मा.चि. / प्रोजेक्ट / ग्रीनको / 2021 दिनांक :–10.06.2021

वनमण्डलाधिकारी की प्रोजेक्ट के संबंध में अनुशंसा

वनमण्डल नीमच अंतर्गत Greenko Energies Private Limited, Hyderabad द्वारा वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत् MP-30 Gandhi Sagar Off-Stream Pumped Storage Project (1440 MW) निर्माण किया जाना प्रस्तावित हैं। उक्त परियोजना में नीमच वनमण्डल के परिक्षेत्र रामपुरा अंतर्गत आरक्षित वनखण्ड मेनपिछोर के कक्ष क्रमांक 438, 439, 440, 444, 445 एवं 446 ,रकबा 301.96 हेक्टेयर वनभूमि प्रभावित होना प्रस्तावित हैं। नीमच वनमण्डल का वनक्षेत्र उष्ण कटिबंधीय शुष्क पर्णपाती वन (ईको वेल्यू–III) के अंतर्गत आता हैं। उपरोक्त प्रस्तावित 301.96 हेक्टेयर वनभूमि समतल एवं पहाड़ी होकर क्षेत्र में Va एवं Vb गुण श्रेणी का वन हैं। उपरोक्त प्रस्तावित वनभूमि पर मिश्रित प्रजाति का वन होकर धावड़ा, सालर ,पलाश ,तेन्दू, मोहिनी, साजा प्रजाति के वृक्ष मुख्यतः पाये जाते हैं। क्षेत्र में तेन्दुआ ,हायना, जंगली कुत्ता, सियार, जंगली सुअर, लोमड़ी, चीतल, नीलगाय, बंदर ,मगरमच्छ, अजगर, मोर, सारस, गिद्ध आदि प्रजाति के वन्यप्राणी पाये जाते हैं। उपरोक्त प्रस्तावित वनभूमि पर 75 प्रतिशत क्षेत्र में 0.4 घनत्व तक का एवं 25 प्रतिशत क्षेत्र में 0.5 से 0.6 घनत्व का वन हैं।

उपरोक्त परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 7000 करोड़ हैं। परियोजना क्रियान्वयन से बिजली की आपूर्ति होने के साथ ही स्थानीय लोगो को रोजगार के अवसर प्राप्त होगें। अतः उपरोक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए प्रकरण में प्रभावित होने वाली 301.96 हेक्टेयर वन भूमि उपयोग की नियमानुसार अनुमति दिये जाने की अनुशंसा की जाती हैं।

(विजय सिंह)
भा.व.से.
वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल नीमच

Scanned with CamScanner